हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 30 मार्च 2026
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 भीषण गर्मी में बिना बिजली और बिना पानी के रजौदा...



07 निर्मला कॉन्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया...



## खबर संक्षेप

### गैस, बिजली दरों में वृद्धि के विरोध में धरना आज

**विदिशा।** जिला कांग्रेस के तत्वावधान में सोमवार को जिले के समस्त ब्लॉक मुख्यालयों पर गैस सिलेंडर मूल्य वृद्धि, आम नागरिकों को सिलेंडर उपलब्धता की समस्या, विद्युत दरों में 4.80 प्रतिशत वृद्धि, स्मार्ट मीटर व्यवस्था तथा पेट्रोल-डीजल की किल्लत के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने बताया कि नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा शाम 4 बजे माधवगंज चौराह पर प्रदर्शन कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कांग्रेस ने बढ़ती महंगाई को आमजन पर आर्थिक बोझ बताते हुए सरकार से दरें वापस लेने की मांग की है।

### महावीर जयंती का आज सार्वजनिक अवकाश

**विदिशा।** जिला प्रशासन ने महावीर जयंती के सार्वजनिक अवकाश में संशोधन किया है। पूर्व में कैलेंडर वर्ष 2026 की अवकाश सूची के अनुसार 31 मार्च मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित था, जिसे अब परिवर्तित कर 30 मार्च सोमवार कर दिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आदेश जारी कर 30 मार्च को पूरे जिले में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार 31 मार्च (मंगलवार) को सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थाएं पूर्ववत खुले रहेंगे और सामान्य कार्यदिवस की तरह कामकाज होगा। हालांकि यह अवकाश बैंक, कोषालय एवं उपकोषालय पर लागू नहीं होगा। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### 24 घंटे में नाबालिग को बरामद कर सौंपा

**विदिशा।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत करारिया थाना पुलिस ने 24 घंटे में 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सीमा राय के नेतृत्व में टीम ने करीब 20 गांवों में सर्चिंग की। धारा 137(2) बीएनएस के तहत दर्ज प्रकरण में तकनीकी साक्ष्य व मुखबिर सूचना से बालिका को थाना दीपनाखेड़ा क्षेत्र से सुरक्षित दस्तयाब किया गया।

### 151 कन्याओं का कन्या पूजन किया



**विदिशा।** सेवा भारती द्वारा बालाजी मंदिर में संचालित संस्कार केंद्र की कन्याओं का भव्य कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेवा बस्तियों की 151 कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें उपहार एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर विभाग समन्वयक राजेश भार्गव, जिला उपाध्यक्ष वर्षा अग्रवाल, राजबाला बघेल, रितु शर्मा, देवांश अग्रवाल, आलोक शरण, आकाश चौबे, अमित कुशवाहा सहित संस्कार केंद्र की शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में श्रद्धा और सेवा भाव का वातावरण रहा।

## शाम को आए परिणाम, व्यापारियों ने आतिशबाजी कर मनाया जीत का जश्न

# 65 वोटों से जीते राजेश जैन, तीसरी बार फिर सजा व्यापार महासंघ अध्यक्ष का ताज

*व्यापार महासंघ के चुनाव में हुई जीत का श्रेय निवृत्तमान अध्यक्ष मुन्नाभैया को दिया जा रहा है। सागर मोतियानी ने प्रशंसा में लिखा है सियासत के शतरंज पर मोहरे कोई भी हों, लेकिन जीत की चाल हमेशा मुन्ना भैया जैन' की ही चलती है।*



विदिशा। परिणाम आने के बाद व्यापारियों ने माला पहनाकर नए व्यापार महासंघ अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों को बधाई दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- मतदान से पहले ही सात व्यापारियों ने डालें टेंडर वोट।
- 172 व्यापारियों ने दोपहर 1 बजे तक किया मतदान।
- 36 व्यापारी संगठनों ने नई कार्यकारिणी चुनी।

व्यापार महासंघ के चुनाव रविवार को संपन्न हो गए। इसमें व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सुबह 10 बजे से वोटिंग शुरू होते ही चुनावी माहौल बन गया। राजेश जैन व्यापार महासंघ के नए अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वह दो बार पहले भी व्यापार महासंघ अध्यक्ष रह चुके हैं।

रीठाफाटक स्थित व्यापार भवन में सुबह 10 बजे से मतदान शुरू हुआ, जो दोपहर 1 बजे तक चला। कुल 179 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। महासंघ के 6 पदों के लिए कुल 15 प्रत्याशी मैदान में थे, जिससे चुनाव काफी रोचक रहा। मतदान के दौरान परिसर में गहमागहमी बनी रही। मतदान के बाद देर शाम मतगणना कर परिणाम घोषित किए गए।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश जैन ने व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। राजेश जैन को 120 मत प्राप्त हुए वहीं राजीव जैन गट्टू को 55 मत प्राप्त हुए। 65 वोटों से जीतकर राजेश जैन व्यापार महासंघ के अध्यक्ष बने। महामंत्री पद के लिए नरेंद्र सोनी को 85 मत मिले, राजेश सोनी को 74 वोट मिले, उमेश सिंघल को 10 वोट मिले।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए हरीश बाधवानी को 114 वोट, आशीष मोदी बाबा को 58 वोट मिले। उपाध्यक्ष पद के लिए मैदान में उतरे आशीष माहेश्वरी को 98 वोट मिले, नीरज चौरसिया को 67 वोट प्राप्त हुए। संयुक्त मंत्री पद के लिए विवेक शर्मा को 72, राजकुमार नेमा को 62, अनुराग गोयल को 40 वोट मिले। कोषाध्यक्ष पद के लिए राजकुमार अग्रवाल को 95 और मनीष जैन को 72 वोट मिले। देर शाम को विजय जुलूस निकाला। व्यापारियों ने जगह जगह नव निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक मुकेश टंडन ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

### व्यापार महासंघ के यह नए पदाधिकारी



राजेश जैन
अध्यक्ष



हरीश बाधवानी
वरिष्ठ उपाध्यक्ष



राजकुमार अग्रवाल
कोषाध्यक्ष



विवेक शर्मा
संयुक्त मंत्री



नरेंद्र सोनी
महामंत्री



आशीष माहेश्वरी
उपाध्यक्ष



जितेंद्र जैन
वरिष्ठ मंत्री

दो लोगों के नाम वापस लेने के कारण वरिष्ठ मंत्री पद के लिए जितेंद्र जैन पहले ही निर्विराध निर्वाचित हो गए थे।

## रात 2 बजे टपरे में आग लगी चार गायें झुलसी, ग्रामीणों ने पांच को सुरक्षित बचा लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सौठिया रोड स्थित विदिशा शहर से सटे हुए हरिपुरा से आगे खिरिया गांव में शनिवार-रविवार की रात आग लगने से हड़कंप मच गया। देर रात करीब 2 से 3 बजे के बीच एक टपरे में आग भड़क उठी। उस समय टपरे में 9 गायें बंधी हुई थीं, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई।

आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत आग बुझाने में जुट गए। आग तेजी से पूरे टपरे में फैल चुकी थी, लेकिन ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर 5 गायों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि 4 गायें गंभीर रूप से झुलस गईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

### गांव वालों ने आग बुझाई

ग्रामीण गोलू परिहार के अनुसार देर रात अचानक आग की जानकारी मिलते ही लोग मौके पर पहुंचे और गायों को बचाने का प्रयास किया। वहीं मोबत परिहार ने बताया कि ग्रामीणों और पुलिस ने मिलकर आग बुझाने की पूरी कोशिश की। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## हांसुआ में 7 दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

**विदिशा।** एसएटीआई पॉलिटेक्निक कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम हाँसुआ में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा विषयों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रतिदिन प्रभात फेरी, योग, पीटी ड्रिल, श्रमदान, बौद्धिक सत्र, खेलकूद, ग्राम संपर्क एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। बौद्धिक सत्र में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय विदिशा की पूर्व प्राचार्य श्रीमती चारु सक्सेना ने व्यक्तित्व विकास पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारण और ईमानदारी सफलता की कुंजी है। वहीं विशिष्ट अतिथि आरके सिंह, स्टेशन प्रबंधक रेलवे स्टेशन विदिशा ने स्वच्छता और रेलवे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर जानकारी दी। लखन सिंह जाट ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

## राजपूत समाज का परिचय सम्मेलन आयोजित

# ऑडिटोरियम में युवाओं को मंच मिला एकता और संस्कारों का संदेश दिया



**हरिभूमि न्यूज . विदिशा।** शहर के ऑडिटोरियम में रविवार को राजपूत समाज द्वारा भव्य परिचय सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिकों, वरिष्ठजनों और पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। युवक-युवती परिचय सम्मेलन के माध्यम से युवाओं को आपसी परिचय और वैवाहिक संबंधों के लिए सशक्त मंच प्रदान किया गया, जिसका समाज ने स्वागत किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण दिया। पारंपरिक वेशभूषा और लोक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। वक्ताओं ने समाज की एकजुटता, शिक्षा और नई पीढ़ी को संस्कारित एवं सशक्त बनाने पर जोर दिया। आयोजन को सामाजिक समरसता और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

### टक्कर से मौत के बाद थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**विदिशा।** उदयगिरि मार्ग पर शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 65 वर्षीय रामनारायण सक्सेना की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वे नीमखेड़ा क्षेत्र से पूजा कर दो पहिया वाहन से विदिशा लौट रहे थे, तभी अज्ञात चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल सक्सेना को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से आक्रोशित परिजन कोतवाली थाना पहुंचे और आरोपी वाहन चालक की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### दुर्गानगर दुर्गा मंदिर पर भंडारे का आयोजन कल

**विदिशा।** चैत्र नवरात्र के समापन के बाद दुर्गानगर स्थित मां ज्वाला देवी शक्तिपीठ पर नगर कन्या भंडारे का आयोजन किया गया है। मंगलवार दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक भंडारा चलेगा।

## वाहन सहित सागौन की लकड़ी जब्त की



**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र के वन विभाग ने अवैध सागौन परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन सहित लकड़ी जब्त की है। वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव एवं उपवनमंडल अधिकारी हिमांशु त्यागी के मार्गदर्शन तथा परिक्षेत्र अधिकारी मुस्कान शिवहरे के निर्देशन में 28 मार्च को मुखबिर सूचना पर टीम ने एनएच-146 पर घेराबंदी की। देर रात ग्राम मानौरा पुलिया चौक पर संदिग्ध वाहन पकड़ा गया। चालक दीपक प्रजापति से पूछताछ में अवैध परिवहन की पुष्टि हुई। जांच में अजय विश्वकर्मा को भी तलब किया गया, जिसने लकड़ी ग्राम काप में रघुवीर के घर पहुंचाने की बात स्वीकार की। टीम ने मौके से 12 नग सागौन चरपट व संदिग्ध बिल जब्त किया। प्रकरण में मप्र काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 एवं व्यापार अधिनियम 1969 के तहत वन अपराध दर्ज कर कार्रवाई जारी है।

# कामदा एकादशी पर परिक्रमा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## नौ वर्षों से निरंतर चल रही परंपरा, पर्यावरण संरक्षण और समरसता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- सुबह 6 :30 बजे श्री बालाजी मंदिर से शुरू हुई परिक्रमा।

कामदा एकादशी के अवसर पर मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा के तत्वावधान में विदिशा के पवित्र पर्वत उदयगिरि गुफाओं की पारंपरिक परिक्रमा का आयोजन किया गया। सुबह 6:30 बजे श्री वेंकटेश बालाजी मंदिर से भगवान वेंकटेश के पूजन एवं परिक्रमा ध्वज पूजन के साथ यात्रा प्रारंभ हुई।

भक्तों ने श्रीराम नाम संकीर्तन करते हुए महल घाट, शनि मंदिर, पुट्ठा मिल, माधवपुर और सुनपुरा मार्ग से उदयगिरि पहुंचकर भगवान नरसिंह का पूजन किया। इस अवसर पर एक इमली के वृक्ष का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। श्रद्धालुओं ने माता वेत्रवती का पूजन तथा सरजू दास मंदिर में भगवान श्रीराम के चरणों का पूजन कर पुनः वेंकटेश बालाजी मंदिर पहुंचकर परिक्रमा का समापन किया। पिछले नौ वर्षों से प्रत्येक शुक्ल पक्ष की एकादशी पर आयोजित यह परिक्रमा जनमानस को विदिशा के पुरातात्विक वैभव से परिचित कराने का माध्यम बनी हुई है। कार्यक्रम का संचालन महासभा अध्यक्ष पंडित संजय राजपुरोहित ने किया।



विदिशा। उदयगिरि परिक्रमा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और भक्त हुए शामिल।



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का धरना आज

**गंजबासौदा।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश अनुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा बिजली की बड़ी दरों एवं गैस सिलेंडर की समस्या के संबंध में कर्मा देवी चौराहा पर30 मार्च सोमवार को दोपहर 11 बजे एक धरने का आयोजन किया गया है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने समस्त मोर्चा संगठन एवं कांग्रेस परिवार के कार्यकर्ताओं से उक्त धरने में उपस्थित होने की अपील की है।


### प्रशिक्षण वर्ग आयोजित



**गंजबासौदा।** पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान अंतर्गत आज ग्राम उदयपुर में उदयपुर मंडल के प्रशिक्षण वर्ग में कुरवाई विधायक ने सहभागिता की। अंतिम सत्र के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की रीति-नीति, विचारधारा एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं का उत्साह और समर्पण निश्चित ही संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। हम सभी का लक्ष्य है समृद्ध भारत, समृद्ध मध्यप्रदेश और समृद्ध किसान। इसी संकल्प के साथ निरंतर कार्य करते रहेंगे। दो दिवसीय इस वर्ग के अंतिम दिवस अंतिम सत्र के बाद भोजन के बाद वर्ग समापन हुआ।

### गली का निर्माण कराने की मांग

**गंजबासौदा।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित गली नंबर 5 की हालत खराब है। पूर्व में डाली गई सीसी रोड अब पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है और उसमें जगह जगह गड्ढे हो गए हैं। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इस गली के रहवासियों ने नपा एवं पार्षद से गली निर्माण कराने की मांग की है।




### शाम का सुहाना नजारा

**गंजबासौदा।** मौसम में फिर से बदलाव के साथ इलाके में बारिश के पूर्वानुमान व्यक्त किए जा रहे हैं। इस बीच गत दिवस से ही आसमान पर बादलों का धीरे धीरे जमावडा शुरू हो गया है। जिससे बारिश की संभावना और भी बढ गई है। रविवार को भी दिन भर आसमान पर बादल मंडराते रहे और धूप की तीव्रता बादलों के कारण कम रही। शाम को तो बादलों के कारण ढलते सूरज की लालिमा अलग ही आकर्षक दृश्य बना रही थी। ढलते सूरज की लालिमा और बादलों से मौसम भी सुहावना बना रहा। इस मनोहारी दृश्य को छायाकार राजा छारी ने अपने कैमरे में कैद किया।

## पंचतत्व निरंतर रख रही है पक्षियों के लिए जलपात्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पंचतत्व संरक्षण समिति पक्षी चेतना अभियान के तहत लगातार प्रतिदिन प्यासे पक्षियों के लिए जलपात्र निःशुल्क प्रदान कर रही है और निरंतर व्यक्तियों को पानी भरने का संकल्प भी दिला रही है। इसी तारतम्य में रविवार की सुबह इमली चौराहे के पास एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यालय उत्कर्ष भवन में भी जलपात्र रखे गए। जलपात्रों में पानी भरने की जिम्मेदारी कार्यालय प्रमुख केशव जी ने ली है। इस अवसर पर पंचतत्व के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, सचिव प्रमोद सिंह राजपूत और नन्हे नन्हे बच्चे भी उपस्थित थे।

यहां उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन में अग्रणी संस्था पंचतत्व पिछले कई वर्षों से गर्मियों में पक्षी चेतना अभियान चलाती आ रही है। जिसके तहत पक्षियों को दाना पानी उपलब्ध कराने सकोरे वितरण से लेकर प्रमुख स्थानों एवं लोगों के घरों में भी सकोरे लगाने का काम किया जाता है। वहीं मवेशियों को भी गर्मियों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए टंकियां उपलब्ध कराई जाती हैं।

### गेहूं उपार्जन की तैयारियां पूर्ण

**गंजबासौदा।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशों के परिपालन में वर्ष 2026-27 के रबी विपणन सत्र हेतु किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा पर विदिशा जिले में कुल 91 गेहूं उपार्जन (खरीदी) केंद्र निर्धारित किए गए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 1 अप्रैल से 5 मई 2026 तक गेहूं की खरीदी की जाएगी। शासन द्वारा औसत अच्छी गुणवत्ता (एफएक्यू) के गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। खरीदी कार्य सप्ताह में पांच दिवस (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 8 बजे से शाम 8 बजे तक संचालित होगा। निर्देश दिए गए हैं कि केवल निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप गेहूं का ही उपार्जन किया जाएगा। गुणवत्ता परीक्षण में मानकों पर खरा नहीं उतरने वाले गेहूं को अस्वीकार किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित उपार्जन केंद्र संचालित करने वाली संस्था की होगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों पर तय आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही, केंद्र संचालकों को केंद्र सरकार के पोर्टल https://www.pcsap.in पर अपनी यूजर आईडी बनाकर उपलब्ध सुविधाओं का विवरण स्वच्छ फोटो सहित अपलोड करना अनिवार्य होगा, जिसका सत्यापन संबंधित नोडल अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

### गेहूं की फसल की कटाई जोरों पर, किसानों की बढी चिंता

# मौसम में बदलाव के संकेत, आज की शाम से बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इलाके में एक बार फिर से मौसम में बदलाव आने वाला है। मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों ने सोमवार की शाम और फिर आगामी 2 से 4 अप्रैल के बीच फिर से बारिश के संकेत दिए हैं। गत दिवस से आसमान पर बादल छाने से बारिश की संभावना बढने के साथ ही किसानों की चिंता भी बढ गई है। परेशान किसान अपनी फसलों की गहाई और उनके सुरक्षित भंडारण में जुट गए हैं।



यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों 19 और 20 मार्च को मौसम में अचानक बदलाव आने और बारिश होने से किसानों को काफी परेशानी उठानी पडी है। तब इलाके में गेहूं की फसल पकी खडी थी और चना की फसल की कटाई एवं गहाई की तैयारी चल रही थी। गत 19 और 20 मार्च को इलाके में हुई बारिश और ओलावृष्टि से जहां चने की फसल भीगकर खराब हो गई थी, वहीं गेहूं की फसल भी आडी हो गई थी और बारिश के पानी के कारण गेहूं के दानों की चमक चली गई है। जिससे किसानों को अब अपनी उपज के उचित दाम नहीं मिल पाएंगे। इस बारिश के बाद जैसे तैसे किसान अपनी फसल सूखने पर उसकी गहाई में जुटे हैं तो एक बार फिर से मौसम के करवट लेने के संकेत मिल रहे हैं। जिससे किसानों की चिंता और भी बढ गई है।

इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों के अनुसार सोमवार की शाम से आसमान पर गहराए बादलों से इलाके में तेज आंधी एवं गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है। इन वेबसाइटों ने सोमवार के बाद आगामी गुरूवार यानि 2 अप्रैल से शनिवार 4 अप्रैल तक फिर से आसमान पर बादल गहराने और उनसे पानी बरसने के संकेत दिए हैं। हांलाकि इसके बाद भी आसमान पर बादल छाते रहेंगे लेकिन उनसे बारिश के पूर्वानुमान व्यक्त नहीं किए गए हैं। उधर बारिश के इन पूर्वानुमानों से एक बार फिर से किसान चिंतित और परेशान हो गए हैं। ग्राम बांकची के विनोद रघुवंशी, मेवली के लक्ष्मण सिंह रघुवंशी, स्यारी के मोनू लोधी, गोलू रघुवंशी आदि का कहना है कि पिछली बारिश से फसलें गीली हो गई थीं और जैसे तैसे अब सूखने पर उनकी गहाई करवाई जा रही है। किसानों ने गहाई के बाद उपज को खलिहानों और आंगन में सूखने के लिए रख दिया है। साथ ही शेष बची फसलों की हार्वेस्टर से गहाई कराई जा रही है। अब बारिश के संकेत मिलते ही गहाई तेज हो गई है और हार्वेस्टर की समय पर उपलब्धता न होने से किसान परेशान हो रहे हैं। वहीं खुले में भंडारित उपज को भी बारिश से बचाने के लिए उसके सुरक्षित भंडारण एवं तिरपाल आदि की व्यवस्थाओं में किसान जुट गए हैं। मौसम में बदलाव किसानों को परेशानी भरा साबित हो रहा है।

## भीषण गर्मी में बिना बिजली और बिना पानी के रजौदा के रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

समीपस्थ ग्राम रजौदा के रहवासी इन दिनों बिजली और पानी के लिए काफी परेशान हो रहे हैं। गांव में पिछले एक माह से बिजली प्रदाय ठप पडा हुआ है और अब भीषण गर्मी में बिजली न होने से पेयजल आपूर्ति में भी दिक्कत आ रही है। ऐसे में ग्रामीणों को नगर से सटी बस्ती से या खेतों से पानी ढोकर लाना पड रहा है।



ग्राम के राजू यादव, रामकली बाई, विमला बाई, हरिबाई, अंगूरी बाई, सुमित्रा बाई, पार्वती बाई, ममता बाई, लक्ष्मी, किरण, सुनीता, गीताबाई आदि ने बताया कि गांव में बिजली बिल बकाया होने से करीब तीन माह से बिजली कटी पडी है। पास में स्थित एक अन्य ट्रांसफार्मर से विद्युत मोटर चलती थी और उससे लोगों की पेयजल आपूर्ति होती रहती थी, लेकिन पिछले कई दिनों से उस ट्रांसफार्मर से भी बिजली प्रदाय ठप हो गया है। वहीं गांव में हैंडपंप भी चालू नहीं हैं और पेयजल आपूर्ति के प्रमुख स्रोत कुंए में भी पानी नहीं बचा है। ऐसे में ग्रामीणों को गांव से करीब एक से डेढ किमी दूर खेतों से फिर इतनी ही दूर स्थित नगर पालिका क्षेत्र की बस्ती से पेयजल आपूर्ति करना पड रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत कंपनी द्वारा बकाया बिल राशि जमा करने की बात पर ग्रामीणों ने करीब 28 हजार रूपए जमा भी करा दिए हैं, लेकिन विद्युत अधिकारी 40 हजार रूपए जमा कराने पर अडे हुए हैं और अभी तक विद्युत प्रदाय बहाल नहीं कर रहे हैं।ऐसे में ग्रामीणों को बिना बिजली के भी रहना पड रहा है। जिससे उन्हें मच्छरों से बीमारियों का खतरा और रात के अंधेरे में जहरीले जीव जंतुओं से भी खतरा बना हुआ है। यहां उल्लेखनीय है कि यह गांव आदर्श ग्राम में शामिल है।

## साकेतवासी संत की स्मृति से 5 अरब राम नाम के महा-संकल्प को नई ऊर्जा मिल गई

**गंजबासौदा।** जब संत केवल शरीर से जाते हैं, तब भी उनका तप, भजन और दिया हुआ ईश्वरीय नाम समाज में जीवित रहता है। श्री राम नाम बैंक ने एक तपस्वी संत की स्मृतियों में और भी श्रद्धा आस्था बढ़ा दी जब उनकी स्मृति में राम नाम लेखन का कार्य रामनवमी से शुभारंभ हुआ। समीपस्थ ग्राम करौंदाकला इमलाधाम के लेटे हनुमान तपस्वी, भजनानंदी संत पूज्य साकेतवासी मोनी महाराज जी की पावन स्मृति में 10 करोड़ राम नाम लिखने का संकल्प राम नाम प्रेमियों द्वारा लिया गया।

इस अवसर पर मोनी महाराज की स्मृति में संतों ने और अतिथियों ने नवीन राम नाम लेखन पुस्तक का विमोचन किया। वह मौन रहकर ही अपनी साधना, भक्ति करते थे, एक सच्चे तपस्वी संत की साधना, उनके मौन और भजन को राम नाम शब्दों के माध्यम से पुनः जीवंत करने के रूप में सच्ची श्रद्धांजलि थी। मालूम हो कि त्योंदा रोड स्थित श्री राम नाम बैंक नगर में करीब 20 वर्षों से संचालित है जिसकी स्थापना समाजसेवी रघुनाथ सिंह रघुवंशी द्वारा की गई थी, जो सनातन धर्म की ध्वजा को राम नाम के रूप में थामे हुए है। संतों की प्रेरणा से नगर से शुरुआत हुई इस बैंक की शाखाएं अब जिले के अलावा दूसरी तहसीलों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रही है। रामनवमी के पावन अवसर पर बैंक द्वारा राम नाम प्रेमियों को एक फक्कड़, तपस्वी संत की पावन स्मृतियों से जोड़ दिया जिनके भजन के बल पर राम नाम को वह और भी उत्साह और दुगना करके लिखेंगे। एक सिद्ध तपस्वी संत की पावन स्मृतियों को संजोते हुए बैंक के खातेदारियों के हाथ में जब साकेतवासी मोनी बाबा की छवि के साथ राम नाम लिखने लिखने के लिए पुस्तकें पहुंची तो सब श्रद्धा और आस्था रूपी उपहार पाकर सभी संत के प्रति श्रद्धानवत हो गए।



कार्यक्रम में मौजूद गंज मंदिर के महंत महेश्वरदास त्यागी जी महाराज ने कहा कि राम नाम वह शक्ति है, जो जीवन के हर अंधकार को प्रकाश में बदल देती है। वहीं वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास जी महाराज ने भावुक होकर कहा मोनी महाराज ने अपने जीवन से यह सिखाया कि जब हर श्वास राम बन जाए, तब जीवन ही साधना बन जाता है। संतों की वाणी ने वातावरण को और अधिक भावपूर्ण बना दिया। मोनी महाराज की स्मृति में 10 करोड़ राम नाम लेखन का संकल्प लिया गया है। कार्यक्रम में वर्षों से निरंतर राम नाम लिखने वाले साधकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने भक्तों की मांग पर जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए करौंदाकला से इमलाधाम तक पक्की सड़क निर्माण कराए जाने की घोषणा कर समाज को संदेश दिया कि जब भक्ति और विकास साथ चलते हैं, तब प्रगति और भी सार्थक हो जाती है। इस सडक के निर्माण से मंगलवार और शनिवार को इमलाधाम पर श्री हनुमान जी की आरती में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। लेटे हनुमान के रूप में केवल नगर ही नहीं जिले के साथ-साथ प्रदेश में भी हनुमान के भक्तों में आस्था और श्रद्धा के साथ ख्याति प्राप्त कर चुके इमलाधाम तब तक पहुंचने की राह आसान हो जाएगी। बारिश के दौरान भी भक्तों को पहुंचने के लिए राह में कष्ट नहीं उठाने पड़ेंगे। बैंक के प्रबंधक गिरिराज रघुवंशी ने बताया श्री राम नाम बैंक में 5 अब राम नाम लिखने का संकल्प लिया है जिसमें से करीब तीन अरब नाम राम नाम अयोध्या राम राम बैंक में जमा हो चुके हैं बाकी दो अरब राम नाम लेखन के लिए दिव्य अभियान चलाया जा रहा है। यह संकल्प भी उन राम भक्तों के प्रयासों से पूरा होगा जिन्होंने तीन अरब राम नाम लिखकर अयोध्या की बैंक में जमा कराए हैं।

### बेतवा तट पर श्रमदान अभियान 5.0 का 25वां चरण संपन्न, श्रमदान दल ने अपील की

# श्रद्धा के साथ नदियों को स्वच्छ रखना भी हमारा नैतिक धर्म





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्रमदान दल गंजबासौदा के तत्वावधान में संचालित साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 का 25वाँ चरण बेतवा नदी तट पर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। साथ ही संदेश दिया कि सच्ची श्रद्धा वही है, जो प्रकृति और नदियों की पवित्रता को बनाए रखने में सहायक बने। अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में कचरा एकत्रित किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से पूजन सामग्री, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक आधारित वस्तुएँ जैसे फोटो फ्रेम, तस्वीरें, घड़ी, पीओपी की मूर्तियाँ, कांच की चूड़ियाँ, धार्मिक पुस्तकें, शादी के कार्ड, व्यावसायिक पुस्तकें एवं विभिन्न प्रकार के पर्चे शामिल रहे। यह दृश्य स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि धार्मिक आस्था के नाम पर अनजाने में हम अपनी ही जीवनदायिनी नदी को प्रदूषित कर रहे हैं। विशेष रूप से, नवरात्रि के समापन के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा विसर्जित किए गए जवारों को भी श्रमदान दल द्वारा नदी से बाहर निकाला गया। इन ज्वारों को एकत्रित कर अलग स्थान पर रखा गया, ताकि वे पानी में सड़ने के बजाय गो माता के लिए उपयोगी चारे के रूप में काम आ सकें। इस पहल के माध्यम से दल ने एक साथ नदी संरक्षण और गो सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। नव रात्रि के उपरांत सामान्य दिनों की तुलना में इस बार कचरे की मात्रा अधिक पाई गई, जो समाज के लिए एक चेतावनी भी है। श्रमदान दल ने नगरवासियों से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि धार्मिक श्रद्धा के साथ-साथ हमें माता स्वरूपा नदियों की स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखने की जरूरत तो है ही साथ ही साथ स्वच्छता का संकल्प भी लेने की जरूरत है। इस 25वें चरण के स्वच्छता अभियान में सूर्य प्रताप सिंह राजपूत, अंशुल शर्मा, रुद्रांश सिंह, दीपेश शर्मा, राकेश रघुवंशी, दिनेश चौरसिया, आकाश जैन सहित बाल श्रमदानी नक्ष राजपूत, अभिनव शर्मा, अरनब रघुवंशी एवं जैत्र राजपूत ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### अहिंसा वाहन रैली

गंजबासौदा। भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के पूर्व बेला पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी रविवार की शाम को अहिंसा वाहन रैली का आयोजन किया गया। जो भगवान महावीर विहार ,महावीर मार्ग से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए निकाली गई। अहिंसा रैली का समापन भगवान महावीर विहार पर हुआ। अब भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार को नगर सहित जैन मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न कराए जाएंगें।

## अभाविप ने सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई गंज बासौदा द्वारा “Screen Time to Activity Time” अभियान के अंतर्गत प्रोफेसर एवं अभाविप कार्यकर्ताओं के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस रोमांचक मुकाबले में टॉस अभाविप 11 ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 8 ओवर में ABVP 11 की टीम ने प्रोफेसर 11 के सामने 85 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रोफेसर 11 की टीम शानदार प्रयास के बावजूद 72 रन ही बना सकी। इस प्रकार ABVP 11 ने यह मैच 12 रनों से जीत लिया। अभाविप के जिला संयोजक शुभम ठाकुर ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों को अत्यधिक स्क्रीन टाइम से दूर कर खेल एवं शारीरिक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना था। कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों और दर्शकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। इस दौरान अभाविप कार्यकर्ता, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### नाबालिग दौड़ा रहे वाहन

**गंजबासौदा।** नगर में यातायात पुलिस की लगातार वाहन जांच एवं कार्रवाई के बावजूद नाबालिगों के वाहन चलाने और मोडिफाइड साइलेंसरों से धमाके की गतिविधि रूक नहीं रही हैं। ये नाबालिग काफी तेज गति से सडकों एवं गलियों में वाहन दौडाते हैं। जिनसे कई बार अन्य लोग भी दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। नागरिकों ने पालकों से अपील की है कि नाबालिगों को वाहन न चलाने दें, वहीं यातायात पुलिस से भी इस ओर कार्रवाई की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### वाणिज्य शोधार्थी सुप्रिया को मिली पीएचडी उपाधि

**सागर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर ने एक अधिसूचना जारी कर वाणिज्य अध्ययनशाला एवं शोध केंद्र की शोधार्थी सुश्री सुप्रिया यादव सागर को पीएचडीकी उपाधि प्रदान की है। सुप्रिया परकोटा निवासी स्व.राकेश कुमार यादव की पुत्री हैं। उल्लेखनीय है कि सुप्रिया यादव ने अपना शोध कार्य शोध निर्देशक प्रो.आनंद तिवारी, प्राचार्य शासकीय कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर के कुशल मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। एमसीबीयू छतरपुर ने 28 मार्च को शोधार्थियों को पी-एच.डी.उपाधि प्रदान करने की अधिसूचना जारी की है। शोध निर्देशक डॉ.आनंद तिवारी के मार्गदर्शन में शोधार्थी सुप्रिया यादव, अतिथि विद्वान शासकीय कन्या महाविद्यालय, सागर ने अपना शोध कार्य भारत में पर्यावरण लेखांकन की वर्तमान स्थिति एवं उपादेयता का मूल्यांकन विषय पर किया है।

### महावीर जयंती पर आज सार्वजनिक अवकाश

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट संदीप जी आर ने महावीर जयंती के अवसर पर सागर जिले में 30 मार्च सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। पूर्व में 31 मार्च मंगलवार को घोषित अवकाश में संशोधन करते हुए स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार अब 30 मार्च को अवकाश रखा गया है। वहीं 31 मार्च को जिले के सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थान यथावत खुले रहेंगे।

### नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन 31 को

**सागर।** साधारण सम्मेलन निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार की अध्यक्षता में महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं पार्षदों की उपस्थिति में 31 मार्च मंगलवार को दोपहर 12 बजे से निगम कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होगा।

**मकरोनिया नगर, मकरोनिया ग्रामीण एवं सदर मंडल की सक्रिय सहभागिता**

# कार्यकर्ता ही संगठन की शक्तिः नरयावली में विधायक प्रदीप लारिया के नेतृत्व में 'प्रशिक्षण वर्ग' का शंखनाद




हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति, वैचारिक अधिष्ठान और आगामी चुनौतियों के अनुरूप कार्यकर्ताओं को गढ़ने के लिए नरयावली विधानसभा क्षेत्र में 'पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान- 2026' का भव्य आगाज़ हुआ। क्षेत्रीय विधायक इंजी. प्रदीप लारिया के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में आयोजित इस दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग ने अनुशासन और संगठन विस्तार की नई इबारत लिख दी है।

विधानसभा के तीन मंडल मकरोनिया नगर, सदर और मकरोनिया ग्रामीण मंडलों की सक्रिय सहभागिता के साथ, यह आयोजन मात्र एक कार्यक्रम न रहकर कार्यकर्ताओं के लिए एक 'वैचारिक कुंभ' बन गया है, जहाँ हिमालय जैसी अडिग निष्ठा और आधुनिक तकनीक के संगम से भविष्य की जीत का मार्ग प्रशस्त किया गया। संगठन की सूक्ष्म दृष्टि संगठनात्मक कौशल का परिचय देते हुए इस महाअभियान को दो पृथक केंद्रों- श्री गणेश एन्जोरा मैरिज गार्डन (मकरोनिया) और कुबेर वाटिका (पटकुई) पर आयोजित किया गया। विधायक लारिया ने स्पष्ट किया कि भाजपा के लिए सत्ता साध्य नहीं, बल्कि जनसेवा का साधन है और प्रशिक्षण वर्ग वह पाठशाला है जहाँ 'कार्यकर्ता' से 'नेता' बनने की यात्रा शुरू होती है। कुबेर वाटिका में मकरोनिया नगर एवं सदर मंडल के सत्र का शुभारंभ करते हुए स्वयं विधायक इंजी. प्रदीप लारिया ने 'उद्घाटन सत्र एवं कार्यपद्धति' पर सारगर्भित पाथेय दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता अपनी कार्यपद्धति से पहचाना जाता है।सुधा जैन ने वैचारिक अधिष्ठान पर प्रकाश डाला। जाहरसिंह ठाकुर ने 'बूथ प्रबंधन एवं मन की बात' के जरिए विजय का मंत्र फूंका। आशीष दुबे ने 'सोशल मीडिया एवं ए.आई.' के महत्व को रेखांकित करते हुए आधुनिक चुनावी रणकौशल समझाया। श्याम तिवारी ने भाजपा के गौरवशाली इतिहास और विकास यात्रा से कार्यकर्ताओं को गौरवान्वित किया।

मकरोनिया स्थित दूसरे केंद्र श्री गणेश एंजोरा मैरिज गार्डन पर मकरोनिया ग्रामीण मंडल में भी वैचारिक ऊर्जा का प्रवाह निरंतर बना रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने यहाँ उद्घाटन सत्र में वैचारिक नींव को मजबूती दी। सुखदेव मिश्रा ने केंद्र व राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाने की रणनीति साझा की लोकेन्द्र पारासर ने 'कार्य विस्तार' विषय पर कार्यकर्ताओं को संगठन की सीमाओं को लांघने हेतु प्रेरित किया। सागर विधायक शैलेन्द्र जैन ने भाजपा के संघर्ष और उत्थान की गाथा सुनाई, जिससे कार्यकर्ताओं में नया जोश भर गया।

यह प्रशिक्षण वर्ग केवल भाषणों का संकलन नहीं, बल्कि भाजपा की उस 'केडर-बेस्ड' संस्कृति का प्रमाण है जो इसे विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाती है। विधायक प्रदीप लारिया के केंद्रित नेतृत्व में जिस तरह से सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक विषयों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के साथ जोड़ा गया, वह नरयावली भाजपा की दूरदर्शिता को दर्शाता है।

## निर्मला कॉन्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया किड्स ग्रेजुयेशन डे




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा के.जी.2 उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के लिये किड्स ग्रेजुयेशन डे समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह, उमंग एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सागर से पधारे बिशप जेम्स अथिकलम रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में स्वागत भाषण सिस्टर जैशा जॉन के द्वारा प्रस्तुत किया गया है इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षा ही प्रकाश है पर आधारित आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। नन्हे बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों को ग्रेजुयेशन प्रमाण-पत्र प्रदान करना रहा। मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को प्रमाण-पत्र देकर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। वही उन्होने अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के जीवन की मजबूत नींव होती है और इस दिशा में विद्यालय एवं अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके बौधिक स्तर पर सतत निगरानी रखने की बात कही। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी, प्राचार्य सिस्टर टेंसी, उप प्राचार्य सिस्टर लिमी, पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अब्दुल कवी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सैफू गद्दी के नेतृत्व में कार्यकर्ता सम्मेलन

**सिरोंज।** नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सैफू गद्दी के नेतृत्व में नगर शालीमार गार्डन में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा तैयारी की गई। इस कार्यक्रम में नगर पालिका के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। साथ ही वार्ड से वार्ड संपर्क किया जाएगा और आम लोगों को जागरूक कर नगर पालिका की भ्रष्टाचार नीतियों को उजागर किया जाएगा। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस,युवा कांग्रेस एव महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रही।



### स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श शिविर आयोजित

**सागर।** गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर के डेढ सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे त्रिदिवसीय कार्यक्रम के तहत आज रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श शिविर आयोजित किया गया। कटरा नमक मंडी स्थित गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण मे आयोजित शिविर मे भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय के चिकित्सको की टीम ने शिविर मे उपस्थित मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया गया। शिविर मे भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय के डॉक्टर मधुर जैन, डॉक्टर ऋचा गोयल, डॉक्टर सौरभ जैन चौधरी, डॉक्टर प्रमोद सिजारिया, डॉक्टर नितिन जैन आदि रहे मौजूद।

## ग्राम इमलानी में जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ

**सिरोंज।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यकी विभाग म.प्र शासन के मार्गदर्शन में विकासखंड सिरोंज अंतर्गत सेक्टर इमलानी में नवांकुर संस्था प्याराखेड़ी जय मां जन सेवा समिति द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति इमलानी के सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत ह्लजल शक्ति से नव भक्तिह्व कार्यक्रम अंतर्गत आमजन की सेवा एवं परोपकार की भावना को जागृत करते हुए ग्राम में जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ भाजपा चितावर मंडल महामंत्री लाखन सिंह यादव द्वारा किया गया।

यह पहल विशेष रूप से गर्मी के मौसम में राहगीरों एवं ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। इस पहल से समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सेवा भाव को भी मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रभारी देवेन्द्र विश्वकर्मा, प्रस्फुटन समिति इमलानी अध्यक्ष बाबू सिंह राजपूत, सचिव नवल राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## नवरात्र समापन पर खजियाबाग हनुमान मंदिर में गायत्री यज्ञ हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर के खजियाबाग स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय अनुष्ठान का आज विधि-विधानपूर्वक समापन हुआ।

इस दौरान गायत्री परिवार के सभी परिजनों ने पूरे श्रद्धा भाव से नौ दिनों तक सतत अनुष्ठान कर धार्मिक वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा। रविवार प्रातः अनुष्ठान की पूर्णाहुति यज्ञ के माध्यम से दी गई, जिसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिजन अपने परिवार सहित उपस्थित रहे।

यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां अर्पित की गईं और सभी ने मिलकर अपने तथा समाज के मंगल, सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने विश्व शांति, मानव कल्याण और सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार के उद्देश्य से यज्ञ नारायण को आहुतियां समर्पित कीं।

### गैस की किल्लत, आटो चालक परेशान

**सागर।** एलपीजी गैस की कमी के चलते ऑटो चालक जहां परेशान हो रहे हैं की वहीं ऊनको लंबी कतार में खड़े रहना पड़ता है। इस संबंध में आटो चालकों की चिंता जताते हुए आटो युनियन अध्यक्ष पप्पू तिवारी ने बताया कि सागर तिली तिगड्डा पर स्थित आगम एलपीजी गैस पंप पर गैस की कमी के चलते ऑटो की लंबी लंबी लाइन लगी रहने से ऑटो चालकों को कई घंटों तक गैस के लिए परेशान होना पड़ रहा। ऑटो रिक्शा यूनियन अध्यक्ष पप्पू तिवारी ने कहा कि एक तरफ प्रशासन कह रहा है कि गैस की कोई परेशानी नहीं है तो दूसरी तरफ आगम गैस पंप पर गैस डलवाने के लिए ऑटो रिक्शा चालको को कई घंटों इंतजार करने के बाद भी गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही।

### सामाजिक एकजुटता की मिसाल बनेगा कन्या दान सम्मेलन, तैयारियां तेजः लखन सिंह

**खुरई।** क्षत्रिय महासभा जिला सागर के तत्वावधान में आगामी 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले सामूहिक कन्यादान विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार 29 मार्च को मालथौन और खुरई में ब्लॉक स्तर पर क्षत्रिय समाज के गणमान्य सदस्यों की बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें सम्मेलन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और आर्थिक सहयोग को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठकों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष लखन सिंह ने कहा कि यह आयोजन पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की पहल पर समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक एकजुटता, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक है, जिसके माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को सम्मानपूर्वक विवाह का अवसर प्रदान किया जा रहा है। बैठकों में क्षत्रिय समाज के सम्मानित सदस्यों ने आयोजन की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं धन संग्रह को लेकर अपने सुझाव दिए। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि विवाह के लिए चयन जिले की कन्याओं में से ही किया जाएगा तथा वास्तविक आर्थिक स्थिति को आधार बनाया जाएगा, ताकि जरूरतमंद परिवारों को ही इसका लाभ मिल सके। सम्मेलन के लिए आर्थिक सहयोग की अंतिम तिथि 5 अप्रैल निर्धारित की गई है। वहीं, सामूहिक विवाह में शामिल होने के इच्छुक परिवारों से 6 से 10 अप्रैल के बीच आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। आवेदन के साथ आयु प्रमाण पत्र और आधार कार्ड संलग्न करना अनिवार्य रहेगा। समाज के नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर आर्थिक सहयोग प्रदान करें, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद कन्याओं के विवाह गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न कराए जा सकें।

### विधायक ने किया सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

**नटेरन।** विधायक सूर्यप्रकाश मीना ने ग्राम पंचायत नलखेड़ा में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह रघुवंशी ने विधायक का श्रीफल, शाल एवं पग बांधकर स्वागत किया तथा उपस्थित भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह रघुवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव, पूर्व सरपंच मंशाराम मीणा एवं युवा भाजपा नेता दीपक रघुवंशी ने ग्राम निपानिया में सामुदायिक भवन निर्माण, जिंद बाबा टापरा से रघुवर सिंह मीणा तक सीसी रोड तथा हरिजन बस्ती में देवी जी के चबूतरे के निर्माण की मांग रखी। विधायक ने अपने संबोधन में सभी मांगों को इसी वर्ष पूर्ण कराने की घोषणा की। संजय सागर डेम से कृषि हेतु नहर में पानी की व्यवस्था पर भी ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

# फाइलों में घना जंगल, जमीन पर बंजर हकीकत, करोड़ों के पौधारोपण पर सवाल

**पौधारोपण, फेंसिंग, नाली निर्माण और संरक्षण कार्यों के नाम पर किए करोड़ों खर्च**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरवास



भोपाल से करीब 100 किलोमीटर दूर स्थित लटेरी तहसील के वन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वित्तीय और पर्यावरणीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। वन विभाग और मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम द्वारा वर्षों से पौधारोपण, फेंसिंग, नाली निर्माण और संरक्षण कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च दिखाए गए, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। फाइलों में जहां हरियाली दर्ज है, वहीं मौके पर जंगल उजड़े और वन भूमि पर अतिक्रमण दिखाई दे रहा है।

### हरियाली के नाम पर खाली जमीन का खेल

निरीक्षण में पाया गया कि कई कंपार्टमेंट में लाखों पौधे रोपने और करोड़ों खर्च करने के दावे किए गए, लेकिन मौके पर पौधारोपण के प्रमाण नहीं मिले। फेंसिंग और जल संरक्षण कार्यों का भी कोई स्पष्ट अस्तित्व नजर नहीं आया। कई क्षेत्रों में जंगल पूरी तरह समाप्त हो चुके हैं, जिससे योजनाओं की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### अतिक्रमण और अवैध गतिविधियों का जाल

उत्तर और दक्षिण दोनों रेंजों के कई कंपार्टमेंट में वन भूमि पर अतिक्रमण, अवैध उत्खनन और लकड़ी कटाई के संकेत मिले हैं। जहां कभी सागौन सहित बहुमूल्य वृक्षों के घने जंगल थे, वहां अब खेतों का विस्तार और जेसीबी-ट्रैक्टर के निशान दिखाई दे रहे हैं। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक लापरवाही बल्कि संभावित मिलीभगत की ओर भी इशारा करती है। विशेषज्ञों के अनुसार अनियंत्रित वन विनाश से जैव विविधता, वन्यजीव आवास और जल स्त्रोतों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इससे क्षेत्रीय जलवायु असंतुलन, तापमान वृद्धि और भविष्य में जल संकट की आशंका भी बढ़ सकती है। मामले में प्रतिक्रिया के लिए विदिशा डीएफओ हेमंत यादव, निगम एसडीओ के.के. यादव और निगम डीएम तरुण कौरव से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। अब मांग उठ रही है कि स्वतंत्र उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर वीडियोग्राफी के साथ निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में वन विकास निगम, विदिशा, भोपाल-रायसेन परियोजना मंडल डीएम तरुण कौरव का कहना है कि यह सभी खर्च अलग-अलग समय का है इसकी पहले भी जांच हो चुकी है इस क्षेत्र में जो भी अतिक्रमण है हमने उन लोगों की सूची बना ली है इन कंपार्टमेंट में विगत 5 वर्ष से कोई पौधा नहीं लगाया गया है हमारे द्वारा लगाए गए पौधों को अतिक्रमणकारियों द्वारा नष्ट कर दिया गया है, हमारे द्वारा अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### करोड़ों का हिसाब जमीन पर शून्य

जांच में सामने आए आंकड़ों के अनुसार कंपार्टमेंट क्रमांक 363 में वर्ष 2013-14 से 2017-18 के बीच लगभग 1.80 करोड़ रुपये खर्च और तीन लाख पौधे लगाने का दावा किया गया, लेकिन मौके पर एक भी पौधा मौजूद नहीं मिला। कंपार्टमेंट 358 में 1.09 करोड़, 352 में 2.12 करोड़, 360 में लगभग 1.60 करोड़ और 361 में एक करोड़ से अधिक की राशि व्यय दर्शाई गई, जबकि धरातल पर कार्य शून्य पाए गए। कंपार्टमेंट 469, 470, 369 सहित 351, 354, 355, 356 और 364 पूरी तरह उजड़े और वीरान नजर आए।

# वेदी एवं शिखर शिलान्यास हुआ संपन्न महावीर जयंती पर होंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नव निर्माणाधीन श्री नेमिनाथ जिनालय, अरिहंत बिहार में 29 मार्च को वेदी एवं शिखर शिलान्यास समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

प्रवक्ता डॉ. मक्खन लाल जैन ने बताया कि साधर्मी बंधुओं ने स्वर्ण, रजत एवं कांस्य शिला के माध्यम से विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर परवार समाज पंचायत समिति की हीरक जयंती विशेषांक पत्रिका का विमोचन पंडित प्रतिष्ठाचार्य अभिनंदन शास्त्री, पंडित सुनील धवल एवं मेरठ से पधारे पंडित मनीष शास्त्री सहित वरिष्ठजनों द्वारा किया गया।

समिति अध्यक्ष शिखर चंद जैन (एमपीईबी) ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। दिल्ली व मेरठ से आए विद्वानों ने दोपहर एवं सायंकाल स्वाध्याय का लाभ प्रदान किया।

### धरसेन स्वामी की शिक्षाओं पर प्रवचन

प्रवचन में पंडित मनीष शास्त्री ने समयसार ग्रंथ पर चर्चा करते हुए धरसेन स्वामी द्वारा बताए गए श्रोताओं के प्रकारों का उल्लेख किया। उन्होंने पत्थर पर्वत, फूटा घड़ा, मिट्टी और जोंक जैसे उदाहरणों से समझाया कि केवल सुनना पर्याप्त नहीं, बल्कि ज्ञान को जीवन में उतारना आवश्यक है। सच्चा श्रोता वही है जो जिनवाणी से संयम और वैराग्य अपनाए।

### महावीर जयंती पर होंगे विशेष कार्यक्रम

महावीर जयंती के पूर्व बड़ा जैन मंदिर, किले अंदर से भव्य प्रभातफेरी निकाली गई। जयंती पर सायं 7 बजे अखिल भारतीय युवा एवं महिला फेडरेशन तथा महिला मंडल द्वारा पालना झूला, भक्ति संगीत एवं भक्ताम्बर पाठ का भव्य आयोजन किया जाएगा।

## वृद्ध आश्रम में सेवा, सम्मान और भक्ति का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




सुपर संडे के अवसर पर रविवार सुबह 9 बजे श्री हरि वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों की सेवा हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी जीपी राठी का सम्मान किया गया। साथ ही शिक्षक साथी अरविंद विश्वकर्मा, मुकेश श्रीवास्तव और दीनदयाल शर्मा के सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

मंच पर दाऊ राजकुमार श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष शरद श्रीवास्तव उपस्थित रहे। संजय खंडेलवाल, कमल सिंह और लल्लू सिंह ने भजनों से बुजुर्ग माताओं-पिताओं को आनंदित किया। संचालन विजय श्रीवास्तव एवं आभार उमेश ताम्रकार ने व्यक्त किया। अरुण अवस्थी ने बताया कि समिति कोरोना काल से निरंतर बुजुर्ग, दिव्यांग और गौ सेवा में सक्रिय है। ग्यारस के उपलक्ष्य में गौ सेवा भी की गई।

### लापरवाही : सुप्रीम कोर्ट के आदेश का नहीं हो रहा कड़ाई से पालन

# कुत्तों का आतंक, दो दिन में 20 लोगों को बनाया शिकार, नपा नहीं दे रही ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में एक आवारा पागल कुत्ते ने पिछले दो दिनों से ऐसा आतंक मचा रखा है कि लोग घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। जिला अस्पताल से लेकर मढ़ईपुरा, अथाईं मोहल्ला और वार्ड 5 तक इस कुत्ते ने करीब 20 लोगों को काटकर घायल कर दिया। इतना ही नहीं, इसने कई गायों और अन्य आवारा पशुओं को भी अपना शिकार बनाया है।

जबकि सुप्रीम कोर्ट द्वारा निकायों को यह निर्देश दिए थे कि बढ़ते डॉग बाइट के मामलों में विभाग आवारा कुत्तों की नसबंदी कराए, लेकिन जिम्मेदार विभाग द्वारा आदेश का कड़ाई से पालन नहीं किया गया। लगातार बढ़ते डॉग बाइट के मामलों ने शहरवासियों की चिंता बढ़ा दी है, लेकिन इसके बावजूद नगर पालिका और जिला प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।

सूत्रों के मुताबिक, शनिवार रात करीब 9 से 10 बजे के बीच लाल रंग का एक बंडी पूंछ वाला आवारा कुत्ते ने जिला अस्पताल परिसर में घुस कर मौजूद लोगों को काट कर घायल कर दिया। अस्पताल परिसर में कुत्ते ने करीब 10 लोगों पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुत्ता बेहद आक्रामक था और लोगों को सिर्फ काट ही नहीं रहा था, बल्कि नोंच भी रहा था। इस दौरान उसने अस्पताल परिसर में घूम रही एक गाय और दो अन्य आवारा पशुओं को भी काट लिया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर भागते नजर आए। अगले दिन पागल कुत्ता मढ़ईपुरा, अथाईं मोहल्ले में दिखाई दिया, जहां उसने फिर से 5 लोगों को काट लिया। इसके अलावा दो गायों को भी घायल कर दिया। बाद में इसी कुत्ते के वार्ड क्रमांक 5 उसने 5 अन्य लोगों को काटकर दहशत फैला दी। लगातार अलग-अलग इलाकों में हो रहे हमलों से शहरवासियों में भय का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में नगर पालिका के स्वच्छता निरीक्षक शशिकांत मोहड़े ने बताया कि शहर में आवारा पागल कुत्ते के आतंक मचाने की खबर मिली है। हमने नपा की टीम को मुस्तैद कर दिया है। उस पागल कुत्ते को जल्द पकड़ लिया जाएगा।


फाइल फोटो

## खूंखार श्वानों का आतंक, डॉग बाइट से भी नहीं चेता प्रशासन

शहर में आवारा और खूंखार श्वानों की बढ़ती संख्या अब लोगों के लिए खतरा बनती जा रही है। लगातार डॉग बाइट की घटनाओं के बावजूद जिम्मेदार प्रशासन अब तक कोई कार्रवाई नहीं कर सका है। हालात यह हैं कि शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, कॉलोनियों, गली-मोहल्ले सहित जिला अस्पताल परिसर में भी आवारा कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते नजर आते हैं। इन श्वानों के कारण लोगों में दहशत का माहौल बना है। सुबह-शाम टहलने निकलने वाले लोग और स्कूल जाने वाले बच्चे सबसे ज्यादा खतरे में हैं। कई बार ये कुत्ते अचानक राहगीरों पर झपट पड़ते हैं, जिससे लोग घायल हो रहे हैं। इसके बावजूद नगर पालिका और संबंधित विभाग खानापूर्ति तक सीमित दिखाई दे रहे हैं।

## शहरवासियों की मांग - नगर पालिका कुत्ते को पकड़ने चलाए विशेष अभियान

कुत्ते के काटने की घटनाओं के बाद जिला अस्पताल में घायलों के पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। घायलों को रेबीज के इंजेक्शन लगाए गए। उधर, शहरवासियों ने इस गंभीर मामले की सूचना नगर पालिका परिषद के स्वच्छता निरीक्षक शशिकांत मोहड़े को भी दे दी है, लेकिन अब तक पागल कुत्ते को पकड़ने के लिए कोई विशेष अभियान शुरू नहीं किया गया है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण यह समस्या और भयावह रूप ले रही है।

### नगर में दहशत का बना माहौल

स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि नगर में दहशत फैल गई है। आवारा कुत्ते का भय के चलते कई परिवार अपने बच्चों को घर के बाहर खेलने तक नहीं भेज रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पागल कुत्ते को नहीं पकड़ा गया, तो आने वाले दिनों में और लोग इसका शिकार हो सकते हैं।

### इनका कहना है

डॉग बाइट के केस लगातार आ रहे हैं। सभी पीड़ितों के इलाज और रेबीज इंजेक्शन की व्यवस्था जिला अस्पताल में की गई है।

**डॉ. यशपाल सिंह बाल्यान,**
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल रायसेन

### डॉग बाइट से प्रशासन नहीं ले रहा सबक

शहरवासियों का कहना है कि डॉग बाइट की बढ़ती घटनाओं से प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया। आवारा श्वानों को पकड़ने, नसबंदी कराने और शहर से हटाने के लिए न तो पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं और न ही कोई प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। जिला अस्पताल जैसे संवेदनशील क्षेत्र में भी इनका जमावड़ा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। लोगों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल विशेष अभियान चलाकर आवारा श्वानों पर नियंत्रण करें, ताकि आमजन को राहत मिल सके।


आरोपी संतोष को पुलिस ने किया गिरफ्तार, गांव में भारी पुलिस बल तैनात

### ओशो की जन्मस्थली ग्राम कुचवाड़ा में चली गोली

# पुरानी रंजिश में गोली मारकर रविंद्र रघुवंशी की हत्या, फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

तहसील थाना क्षेत्र से सटे ग्राम कुचवाड़ा जो की आचार्य रजनीश ओशो की जन्म स्थली भी है। खरगौन के शोरूम संचालक 45 वर्षीय रविंद्र रघुवंशी की सीने में गोली मार कर हत्या कर देने से ग्राम कुचवाड़ा में तनाव का माहौल बना हुआ है। मृतक रविन्द्र ग्राम कुचवाड़ा के मूल निवासी और किसान थे। जून 2023 में भी रघुवंशी परिवार के 2 लोगों की विवाद के दौरान गोली मारने से मौत हो चुकी है। जिसके आरोपी जेल में है।


मृतक रविंद्र

शनिवार की रात में ग्राम कुचवाड़ा में पुरानी रंजिश को लेकर घटना होने की चर्चा है। रविन्द्र रघुवंशी पर कुछ महिनों पूर्व थाला पेट्रोल टेंक जानलेवा हमले की घटना हुई थी, मृतक रघुवंशी द्वारा हमलावर की बंदूक पकड़ लेने से उनकी जान बच गई थी। उक्त घटना का प्रकरण उदयपुरा थाने में दर्ज है। उदयपुरा पुलिस ने घटना के आरोपी संतोष रघुवंशी को दो अन्य आरोपियों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। ग्राम पंचायत सरपंच चुनाव को लेकर बनी रंजिश में अभी तक रघुवंशी परिवार के तीन लोगों की हत्या हो चुकी है। मृतक के छोटे भाई की पत्नी वर्तमान में पंचायत की सरपंच है।



### यह है विवाद का कारण

कुचवाड़ा में छोटी सी जगह पर अतिक्रमण को लेकर दोनों पक्ष में सालों से रंजिश चली आ रही थी। पूर्व में मृतक के परिजनों द्वारा संतोष रघुवंशी के साथ मारपीट कर उसके हाथ पैर तोड़ दिए थे। इसके बाद संतोष रघुवंशी मौके की तलाश में था, जिसने शनिवार की रात रविन्द्र रघुवंशी की गोली मारकर हत्या जैसी वारदात को अंजाम दे दिया था।

### थ्रेसिंग के समय हमला

शनिवार की रात में जब मृतक रविन्द्र रघुवंशी अपने खेत पर थ्रेसिंग करवा रहे थे, तभी उन पर हमला हुआ। सीने में गोली नजदीक से मारे जाने से उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर उदयपुरा टीआई जयंत काकोडिया पुलिस बल के साथ ग्राम कुचवाड़ा पहुंचे। ग्राम में तनाव बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### 11 अप्रैल से होगा भागवत कथा का आयोजन

**सिलवानी।** अंचल के ग्राम मढ़ियां देवरी में संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा, जो कि 17 अप्रैल तक निरंतर संचालित होगा। कथा वाचक नगर खेरापति पं. भूपेंद्र कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से कथा का श्रवण श्रद्धालुओं के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में कथा श्रवण करने का समय दोपहर 3 बजे से हरि इच्छा तक तय रहेगा। आयोजक ने श्रद्धालुओं से सहभागिता करने आग्रह किया है।

■ पं. भूपेंद्र कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से होगी कथा

### धूमधाम से मनाई जाएगी डॉ. अंबेडकर जयंती

**सलामतपुर।** ग्राम बांसखेड़ा में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन गुरु रविदास मंदिर सेवा समिति बांसखेड़ा के तत्वावधान में रविदास कॉलोनी में किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, 14 अप्रैल को शोभायात्रा सुबह 9 बजे गुरु रविदास मंदिर सांची से प्रारंभ होगी, जो बस स्टैंड स्थित बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद विभिन्न मार्गों से होते हुए आगे बढ़ेगी। यात्रा गुलगांव चौराहा, ग्राम गुलगांव, ऐरन, चिरौली, फूलबाग, सरचंपा और चिलवाहा होते हुए बांसखेड़ा स्थित गुरु रविदास मंदिर पर पहुंचकर समाप्त होगी।

■ प्रमुख मार्गो से निकलेगी शोभायात्रा

# बदला मौसम : गर्मी ने पकड़ा जोर, आसमान में छाए बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रविवार को एक बार फिर मौसम बदलने की स्थिति रही। आसमान में बादल छाने के साथ सूरज और बादलों के बीच लुकाछिपी बनी हुई है। जिस प्रकार मार्च और चैत्र महीने में बार-बार मौसम में बदलाव देखा जा रहा है, उसका सीधा असर फसलों की कटाई और थ्रेसिंग कार्य पर पड़ रहा है।

अभी चैत्र और मार्च का महीना चल रहा है, परन्तु जिस प्रकार सूरज की किरणें दोपहर में आज बरसा कर धरती हवाओं और जंगल के पत्थरों को गर्म कर रही है। उससे भारी गर्मी और उमस का परेशानियों भरा माहौल बन गया है। बिना पंखे, कूलर कुछ समय भी बिताना लोगों के लिए कठिन और परेशानियों भरा हो रहा है।

मौसम बदलाव का सीधा असर फसलों की कटाई व थ्रेसिंग पर पड़ रहा

नगर में भारी गर्मी और उमस का परेशानियों भरा माहौल बन हुआ है



### किसानों में घबराहट

जिस प्रकार बार-बार मौसम बदल रहा है। आसमान में बादल छा जाने की स्थिति बन रही है। उससे किसानों में फसलों की सुरक्षित कटाई की भारी चिंता का माहौल बना हुआ है। डिजल की कमी किल्लत के बीच फसल कटाई के लिए हार्वेस्टर मिलना कठिन हो रहा है। क्षेत्र के हजारों किसानों द्वारा गेंहू फसलों की कटाई हारवेस्टरों के द्वारा कराई जाती है। जिससे कम समय में गेंहू की कई एकड़ की फसल का गेंहू दाना सुरक्षित निकल आता है। किसानों द्वारा हारवेस्टरों की तलाश में खेतों खेत चक्कर लगा कर संपर्क किया जा रहा है।

# स्ट्रीट डॉग ने 12 लोगों को काटा बच्चे व बड़ों को बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

कस्बे और राजीव नगर बस्ती में एक स्ट्रीट डॉग ने रविवार को 12 लोगों को काट लिया। इसमें बड़े, बच्चे, महिलाएं और पालतू जानवर भी शामिल है। घटना रविवार दोपहर की बताई जा रही है। घटना के बाद से ही क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

डॉग ने सबसे पहले राजीव नगर बस्ती में आतंक मचाया यहां पर घर के बाहर बैठे लोगों, महिलाओं और खेल रहे बच्चों को काट लिया। जिसके बाद डॉग सलामतपुर पहुंचा और राशन की दुकान के बाहर राशन लेने आए हितग्राहियों और उनके बच्चों को अपना निशाना बनाया। सभी लोग जब सलामतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो वहां पर कोई भी डॉक्टर नही मिला। फिर पीड़ित सांची अस्पताल पहुंचे तो वहां पर पता चला कि 15 दिन से पूरे ब्लॉक में ही एंटी रेबीज़ का इंजेक्शन उपलब्ध ही नही है। सभी लोगों ने विदिशा जिला अस्पताल पहुंचकर एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाया।

### झांकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

# श्रीहनुमान जन्मोत्सव की गूंज निकलेगी विशाल शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

धर्म और आस्था की नगरी बाड़ी में इस वर्ष श्री हनुमान जन्मोत्सव का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर नगर के धर्मप्रेमी नागरिकों द्वारा 22वें वर्ष की विशाल शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल को शाम 5 बजे बारना कॉलोनी स्थित श्री बालाजी मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होगा।

शोभायात्रा में भगवान हनुमान जी की मनमोहक झांकियों के साथ-साथ सुसज्जित रथ और बैंड-बाजों की धुनों पर भक्त झूमते नज़र आएंगे। यह यात्रा बारना कॉलोनी से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए नावघाट मंदिर तक पहुंचेगी, जहां महाआरती और विशेष प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस आयोजन को भव्य रूप देने के लिए आयोजक राकेश वर्मा सहित पूरी टीम जुटी हुई है। समिति के सदस्यों ने बताया कि शोभायात्रा के मार्ग को भगवा ध्वजों और फूलों से सजाया जा रहा है। श्रद्धालु पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत करेंगे।

श्रीहनुमान जन्मोत्सव को लेकर युवाओं और वरिष्ठजनों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सुरक्षा और व्यवस्था की दृष्टि से भी वालंटियर्स की टोलियां बनाई गई हैं। नगर के श्रद्धालु आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए संकल्पित हैं।

खुनखुन लाल वाले बाग में स्थित सिद्ध श्री हनुमान दरबार में होगा आयोजन, पुष्प बरसा कर किया जोरदार स्वागत

# श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा से पूर्व शहर में निकली विशाल कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नगर में श्री सीताराम महायज्ञ एवं संगीतमय श्री राम कथा के शुभारंभ को लेकर रविवार को भव्य कलशयात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे, श्रीराम के जयघोष और धार्मिक उत्साह के बीच निकली इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी, माताएं-बहनें, युवा और बच्चे शामिल हुए। शहर का माहौल पूरे दिन भक्तिमय बना रहा।








जानकारी के अनुसार, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर की श्रीजी सिटी कॉलोनी स्थित खुनखुन बाग वाले सिद्ध हनुमान दादा के दरबार में 29 मार्च से श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्री राम कथा का संगीतमय आयोजन प्रारंभ हो रहा है। इसी क्रम में रविवार को पाटनदेव श्री सिद्ध हनुमान मंदिर से विशाल कलशयात्रा निकाली गई।जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी।

कलशयात्रा सागर मार्ग, तिराहा, गंज बाजार, श्री रामलीला गेट, महामाया चौक, माता मंदिर चौराहा, रामलीला कॉलोनी, तालाब मोहल्ला और श्रीजी सिटी कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों से निकली। इस दौरान शहर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का जोरदार स्वागत किया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर धार्मिक आस्था का परिचय दिया।

आयोजन समिति के प्रमुख विकास शर्मा के अनुसार, इस धार्मिक आयोजन में श्री राम कथा वाचक पंडित रामजी कृष्ण महाराज अपने श्रीमुख से रामकथा का वाचन करेंगे, जबकि श्री सीताराम महायज्ञ में पंडित नितिन शास्त्री महाराज यज्ञाचार्य के रूप में मौजूद रहेंगे।

मंदिर के प्रमुख पंडित विकास शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्ममय आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर निकली स्वागत रैली

# भाजपा कार्यालय में किया जमना सेन का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि जमना सेन को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर रविवार को शहर में समर्थकों, भाजपाईयों ने गाजे-बाजों के बीच भव्य स्वागत कर खुशी जाहिर की। भोपाल-सागर तिराहे पर भव्य स्वागत कर भाजपा कार्यालय तक विशाल रैली निकाली गई। रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रैली भाजपा कार्यालय पहुंचते ही श्री सेन को लड्डूयों से तोला गया।

रविवार दोपहर से ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ शहर में जुटने लगी थी। जगह-जगह जमना सेन के स्वागत के लिए तैयारियां की गई थीं। स्वागत रैली शहर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। इस दौरान कई स्थानों पर नागरिकों और व्यापारियों ने जमना सेन का अभिनंदन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे पार्टी संगठन में जिले की बढ़ती राजनीतिक सक्रियता और संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक बताया। रैली के दौरान कई युवा कार्यकर्ता मोटरसाइकिलों और चारपहिया वाहनों के काफिले के साथ शामिल रहे।



वक्ताओं ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने पिछड़ा वर्ग मोर्चा में उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उससे संगठन को निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर जमना सेन ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश संगठन, भाजपा पदाधिकारियों और समर्थकों का आभार व्यक्त किया।

श्रीसेन ने कहा कि पार्टी के नेताओं ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी लगन निष्ठा, मेहनत समर्पण और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां हर कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। वे प्रदेश नेतृत्व की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और संगठन की विचारधारा को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि जिले के हर भाजपा कार्यकर्ता का सम्मान है।

### लड्डुओं से तुले श्री सेन

रैली भाजपा कार्यालय पहुंची, वहां पहले से मौजूद समर्थकों ने जोरदार नारेबाजी और तालियों के बीच जमना सेन का अभिनंदन किया। इस मौके पर समर्थकों ने उन्हें लड्डुओं से तौलकर अपनी खुशी का इजहार किया। यह दृश्य आयोजन का आकर्षण बना रहा। इसके बाद कार्यालय परिसर के बाहर रंग-बिरंगी आतिशबाजी की गई। जिससे वातावरण पूरी तरह जश्नमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिनालय में हुआ विधान आयोजन

# महावीर स्वामी के विचारों को जीवन में उतारने का संदेश

### मुनि प्रयोग सागर ने महावीर जन्म कल्याणक के पूर्व दिवस पर दिया प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

भगवान महावीर स्वामी, जो जियो और जीने दो के महान संदेश के प्रवर्तक माने जाते हैं, उनके विचारों को आत्मसात करना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उनके सिद्धांतों को केवल सुनना या उनके जन्म कल्याणक का उत्सव मनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें जीवन में अपनाना ही सच्ची सच्चा कल्याणक मनाना है।

यह विचार मुनि प्रयोग सागर महाराज ने महावीर जन्म कल्याणक के पूर्व दिवस रविवार की सुबह समाजजनों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। वे पारसनाथ जिनालय में आयोजित प्रवचन में बोल रहे थे।



मुनि श्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान महावीर स्वामी का जीवन दर्शन आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना प्राचीन काल में था। उन्होंने बताया कि प्रभु की भक्ति, आराधना और सात्विक जीवन शैली अपनाने से व्यक्ति को आंतरिक शांति और सौंदर्य की प्राप्ति होती है। साथ ही जीवन में सदाचारिता और नैतिक मूल्यों का विकास होता है, जो समाज को बेहतर दिशा देने में सहायक होता है।

इस अवसर पर जिनालय में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। महावीर जन्म कल्याणक के पूर्व दिवस पर मुनि संघ के सानिध्य में महावीर स्वामी विधान संपन्न हुआ।